राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांक:– एफ.2 (क) (O–65) अलेसे– I/ 1987-93 दिनांक: - 08/12/2022

## आदेश

विभागीय आदेश संख्या 20 दिनांक 25.02.2020 (क्रम संख्या 03) के द्वारा श्री ओमप्रकाश गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के सेवानिवृत्ति आदेश जारी किये गए थे, लेकिन तत्समय इनके विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज अभियोग संख्या 195/2017 न्यायिक प्रक्रियाधीन होने के कारण इन्हें "जांच बकाया नहीं" होने का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया था। माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर के आदेश दिनांक 14.09.2022 के द्वारा इनके विरूद्ध विचाराधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट को निरस्त करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया गया है।

अतः वित्त (नियम) विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक प.12(6)वित्त/नियम/2008 दिनांक 24.03.2015 के क्रम में यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री ओमप्रकाश गुप्ता, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें (परिवार कल्याण), जयपुर के विरूद्ध आज तक :–

1. राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अधीन कोई विभागीय जांच विचाराधीन/लम्बित नहीं है।
2. राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 19 के अधीन कोई विशेष प्रकिया की कार्यवाही विचाराधीन/लम्बित नहीं है।
3. कोई न्यायिक कार्यवाहियां विचाराधीन/लम्बित नहीं है।

(हस्ताक्षर)

(भूपेश माथुर)

निदेशक

क्रमांक:– एफ.2 (क) (O–65) अलेसे– I/ 1987-93 दिनांक:– 08/12/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, जयपुर को प्रेषित करते हुये उक्त क्रम में अनुरोध है कि श्री गुप्ता को पेंशन प्रकरण तैयार कर निदेशालय, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर को प्रेषित करावें।
2. निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जयपुर (शहर)।
4. श्री ओमप्रकाश गुप्ता, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, 60, श्यामपुरी कॉलोनी, कालवाड रोड झोटवाडा, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि पेंशन प्रकरण के निस्तारण हेतु आपके अन्तिम पदस्थापन कार्यालय में आवश्यक पत्रादि प्रस्तुत करें।
5. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. निजी सचिव निदेशक महोदय।
7. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

(हस्ताक्षर)

(धीरज सिसोदिया)

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)